आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.12.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में जॉर्डन पहुंच गए है। हवाई अड्डे पर जॉर्डन के प्रधानमंत्री जाफर हसन ने उनका भव्य स्वागत किया।
- लोकसभा में शिक्षा मंत्री ने विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक दो हजार पच्चीस पेश किया।
- अंडमान निकोबार द्वीप समूह में राष्ट्रीय पोलियो टीकाकरण दिवस के तहत पांच साल तक के बच्चों को पोलियों वैक्सीन की खुराक दी जाएगी।
- दक्षिण अंडमान में द्वीप संगीत महोत्सव के आयोजन के अंतर्गत मरीना पार्क रोड को अस्थायी रूप से इक्कीस दिसम्बर तक बन्द किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की यात्रा के पहले चरण में आज जॉर्डन, की राजधानी अमान पहुंच गए है। जॉर्डन के प्रधानमंत्री जाफर हसन ने उनका भव्य स्वागत किया। श्री मोदी जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय इब्न अल हुसैन और प्रधानमंत्री जाफर हसन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा भारत–जॉर्डन के बीच कूटनीतिक संबंधों की पच्हत्तरवीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रहा है। इस दौरान, प्रधानमंत्री श्री मोदी अमान में भारतीय समुदाय से भी मिलेंगे, जिन्होंने भारत–जॉर्डन संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दूसरे चरण में, प्रधानमंत्री मोदी इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा पहुंचेंगे, जहां वे प्रधानमंत्री डॉ. अबी अहमद अली से मुलाकात करेंगे। इस दौरान व्यापार, सुरक्षा और विकास संबंधी मुद्दों पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी इथियोपियाई संसद के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे और भारतीय समुदाय से संवाद करेंगे। यह यात्रा भारत–इथियोपिया संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री मोदी का अंतिम पड़ाव ओमान की राजधानी मस्कट होगा, जहां वे भारत–ओमान के कूटनीतिक संबंधों की सत्तरवीं वर्षगांठ मनाएंगे।

<><><><><><><>

लोकसभा में आज विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक दो हजार पच्चीस पेश किया गया। इसे आगे की जांच के लिए संसद की संयुक्त समिति को भेज दिया गया है। दोपहर दो बजे दूसरे स्थगन के बाद लोकसभा की कार्रवाई फिर से शुरू होने पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विधेयक पेश किया। विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक का उद्देश्य विश्वविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों को शिक्षण, अधिगम, अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एस डी ए टी स्क्वैश विश्व कप 2025 में अपना पहला विश्व कप खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय स्क्वैश टीम को आज बधाई दी। श्री मोदी ने जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलवन सेंथिल कुमार और अनाहत सिंह के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उनके समर्पण, अनुशासन और दृढ़ संकल्प ने देश को अपार गौरव दिलाया है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि वैश्विक मंच पर भारतीय खेलों की बढ़ती क्षमता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह जीत देश भर के असंख्य युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी और भारत के युवाओं में स्क्वैश की लोकप्रियता को और बढ़ाएगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति द्वारा कल और सत्रह तारीख को नई दिल्ली में दो दिवसीय प्राचार्य सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन देशभर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के प्राचार्यों की शैक्षणिक, प्रशासनिक, वित्तीय और नेतृत्व क्षमताओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जनजातीय कार्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि सम्मेलन का मुख्य विषय EMRS में संचालित परियोजनाओं, प्रमुख योजनाओं और साझेदार संस्थाओं के सहयोग से चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त करना है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्राचार्य विद्यालयों में चल रही पहलों को प्रभावी ढंग से लागू कर सकें। मंत्रालय के अनुसार, इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित

प्रदेशों से चार सौ निन्यानबे EMRS प्राचार्य भाग लेंगे। यह पहल आदिवासी छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

<><><><><><><>

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में राष्ट्रीय पोलियो टीकाकरण दिवस दो हजार पच्चीस के आयोजन की तैयारी की जा रही है। इसके तहत इक्कीस दिसंबर को पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान पांच वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को निर्धारित पोलियो बूथों पर बी ओ पी वैक्सीन की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान को पूरी तरह सफल बनाने के लिए अगले दो दिनों तक स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर—घर जाकर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। जनजागरूकता के उद्देश्य से सत्रह दिसंबर को सुबह दस बजे मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित होगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला मजिस्ट्रेट ने जानकारी दी है कि द्वीप संगीत महोत्सव के आयोजन को देखते हुए मरीना पार्क रोड, लाइट हाउस रेस्टोरेंट से गर्ल्स स्कूल चौक तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही इक्कीस दिसंबर तक बंद रहेगी। इस महोत्सव के दौरान प्रसिद्ध जापानी ड्रमिंग मंडली "ड्रम ताओ" द्वारा उन्नीस एवं बीस दिसंबर को विशेष प्रस्तुति दी जाएगी।

<><><><><><><>

शहीद द्वीप की नील ग्राम पंचायत ने बारह से अटठारह जनवरी तक विवेकानंद मेला आयोजित करने की घोषणा की है। इस मेले का आयोजन हर साल की तरह इस बार भी बड़े धूमधाम से किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभाग अपने कार्यों और उपलब्धियों का प्रदर्शन करने के लिए स्टॉल लगाएंगे। इसके साथ ही मेले के दौरान कई सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा, जो दर्शकों के लिए मनोरंजन और जानकारी का बेहतरीन स्रोत होंगे। मेले में स्टॉल लगाने के इच्छुक लोगों से निवेदन किया गया है कि मेला समिति के अध्यक्ष से नौ नौ तीन तीन दो नौ चार छह छह छह पर संपर्क करें।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान की कन्यापुरम ग्राम पंचायत में बाइस दिसंबर को सुबह दस बजे आदर्श गांव के सामुदायिक सभागार में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक ग्राम पंचायत के आगामी विकास कार्यों और योजनाओं पर चर्चा करने और उन्हें अंतिम रूप देने के उद्देश्य से बुलायी गई है। बैठक में मुख्य रूप से निम्नलिखित विषय शामिल किए जाएंगे, वर्ष दो हजार छब्बीस—सत्ताईस के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना के प्रस्तावों को अंतिम रूप देना और एम जी एन आर ई जी ए योजना दो हजार छब्बीस—सत्ताईस — ग्राम पंचायत क्षेत्र में इस योजना के क्रियान्वयन और प्राथमिकताओं पर चर्चा करना शामिल है। सभी संबंधित विभागाध्यक्षों को बैठक में आने के लिए निर्देश दिए गए है।

<><><><><><><>

पोंगल उत्सव—दो हजार छब्बीस के तहत अंडमान निकोबार शतरंज संघ के सहयोग से आयोजित तमिज़ार संगम ओपन शतरंज टूर्नामेंट, फीनिक्स बे स्थित तमिज़ार संगम सभागार में सम्पन्न हुआ। लगभग पांच खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ यह द्वीप समूह के सबसे बड़े इनडोर शतरंज आयोजनों में से एक रहा। इस प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में शतरंज खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पुरस्कार वितरण समारोह सोलह जनवरी दो हजार छब्बीस की शाम तमिज़ार संगम सभागार में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय, ने जानकारी दी है कि चिन्थे लॉन्ग रेंज, बिर्चगंज में तेईस दिसंबर को फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास सुबह साढ़े नौ से शाम पांच बजे तक होगा। नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें फायरिंग क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी जाती है।

<><><><><><><>